**Series E1GFH/1**

**Set No. 1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/1/1**

*अनुक्रमांक / Roll No.*

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)
# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19 + 2** मानचित्र हैं । | (I) | *Please check that this question paper contains **19** printed pages + **2** Maps.* |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.* |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । | (III) | *Please check that this question paper contains **30** questions.* |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.*** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.* |

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न–पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **29** व **30** मानचित्र आधारित प्रश्न हैं ।*

## खण्ड क

*इस खण्ड में **17** बहुविकल्पीय प्रश्न (प्र. सं. 1 – 17) हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।* *17×1=17*

**1.** विश्व में जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले निम्नलिखित कारकों में से कौन-सा एक आर्थिक कारक है ?

(a) नगरीकरण (b) मृदाएँ

(c) अशांति (d) जल की उपलब्धता

**2.** अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने 'मानव विकास' के किस उपागम को प्रस्तावित किया ?

(a) आय (b) कल्याण

(c) आधारभूत आवश्यकता (d) क्षमता

**3.** परिवार नियोजन के उद्देश्यों से संबंधित निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. जन्म दर को नियंत्रित करना

II. बच्चों के जन्म के बीच अंतराल रखना

III. महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर करना

IV. बच्चों की मृत्यु दर को कम करना

विकल्प :

(a) केवल I, II एवं IV सही हैं । (b) केवल I, II एवं III सही हैं ।

(c) केवल II, III एवं IV सही हैं । (d) केवल I, III एवं IV सही हैं ।

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i) This questions paper contains* ***30*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii) This question paper is divided into* ***five*** *sections –* ***Sections A, B, C, D*** *and* ***E****.*

*(iii)* ***Section A*** *– Questions no.* ***1*** *to* ***17*** *are multiple choice (MCQ) type questions.*

*(iv)* ***Section B*** *– Questions no.* ***18*** *and* ***19*** *are source based questions.*

*(v)* ***Section C*** *– Questions no.* ***20*** *to* ***23*** *are Short Answer (SA) type questions. Answer to these questions shall be written in 80 to 100 words.*

*(vi)* ***Section D*** *– Questions no.* ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer (LA) type questions. Answer to these questions shall be written in 120 to 150 words.*

*(vii)* ***Section E*** *– Questions no.* ***29*** *and* ***30*** *are Map based questions.*

## SECTION A

*There are* ***17*** *multiple choice questions in this section (Q. No. 1 – 17).* ***All*** *questions are* ***compulsory****.* *17×1=17*

**1.** Which one of the following factors is an economic factor affecting the distribution of population in the world ?

(a) Urbanization (b) Soils

(c) Unrest (d) Availability of water

**2.** Which approach of 'human development' was proposed by the International Labour Organisation (ILO) ?

(a) Income (b) Welfare

(c) Basic need (d) Capability

**3.** Read the following statements regarding objectives of family planning and choose the correct option :

I. Control the birth rate

II. Spacing the birth of children

III. Improving women's health

IV. Reducing the death rate of children

Options :

(a) Only I, II and IV are correct. (b) Only I, II and III are correct.

(c) Only II, III and IV are correct. (d) Only I, III and IV are correct.

4. 'ट्रक कृषि' का संबंध निम्नलिखित में से किससे है ?

(a) फल उत्पादन (b) अनाज उत्पादन

(c) चाय उत्पादन (d) सब्ज़ी उत्पादन

5. निम्नलिखित में से कौन-सा 'वाणिज्य डेरी कृषि' का सबसे बड़ा क्षेत्र है ?

(a) उत्तर पश्चिमी यूरोप (b) कनाडा क्षेत्र

(c) न्यूज़ीलैंड क्षेत्र (d) दक्षिण पूर्वी ऑस्ट्रेलिया

6. चारे की फसलें निम्नलिखित में से किस प्रकार की कृषि का मुख्य घटक हैं ?

(a) मिश्रित (b) भूमध्यसागरीय

(c) सहकारी (d) सामूहिक

7. निम्नलिखित देशों में से किसका मानव विकास सूचकांक क्रमांक सर्वोच्च है ?

(a) जर्मनी (b) स्वीडन

(c) ऑस्ट्रेलिया (d) डेनमार्क

8. निम्नलिखित कथनों का अध्ययन कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*कथन I :* सूचनाओं के अंकीकरण के साथ दूरसंचार का धीरे-धीरे कम्प्यूटर के साथ विलय हो गया ।

*कथन II :* परिणामस्वरूप एक समन्वित नेटवर्क बना जिसे इंटरनेट के नाम से जाना जाता है ।

विकल्प :

(a) केवल कथन I सही है ।

(b) केवल कथन II सही है ।

(c) कथन I व II दोनों सही हैं, कथन II, कथन I का सही परिणाम है ।

(d) कथन I व II दोनों सही हैं, कथन II, कथन I का सही परिणाम नहीं है ।

9. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रवास के प्रतिकर्ष कारक से संबंधित है ?

(a) प्राकृतिक विपदाएँ

(b) अनुकूल जलवायु

(c) जीवन व संपत्ति की सुरक्षा

(d) शांति व स्थायित्व

10. निम्नलिखित राज्यों में से किसकी 2001 से 2011 के दशक में जनसंख्या वृद्धि दर सर्वाधिक है ?

(a) मणिपुर (b) नागालैंड

(c) मिज़ोरम (d) सिक्किम

4. Which among the following is related to 'truck farming' ?

(a) Fruits production (b) Grain production

(c) Tea production (d) Vegetables production

5. Which among the following is the largest region of 'commercial dairy farming' ?

(a) North Western Europe (b) Canada region

(c) New Zealand region (d) South Eastern Australia

6. Fodder crops are an important component of which among the following types of agriculture ?

(a) Mixed (b) Mediterranean

(c) Co-operative (d) Collective

7. Which one of the following countries has the highest rank in Human Development Index ?

(a) Germany (b) Sweden

(c) Australia (d) Denmark

8. Study the following statements and choose the correct option :

*Statement I :* With the digitisation of information, telecommunication slowly merged with computers.

*Statement II :* It resulted in integrated networks termed as Internet.

Options :

(a) Only Statement I is correct.

(b) Only Statement II is correct.

(c) Statements I and II both are correct, Statement II is the correct result of Statement I.

(d) Statements I and II both are correct, Statement II is not the correct result of Statement I.

9. Which one of the following is related to push factor of migration ?

(a) Natural disasters

(b) Pleasant climate

(c) Security of life and property

(d) Peace and stability

10. Which one of the following states has the highest population growth rate during 2001 to 2011 decade ?

(a) Manipur (b) Nagaland

(c) Mizoram (d) Sikkim

**11.** आधुनिक भारतीय भाषाओं को बोलने वालों की संख्या के अनुसार अधिकतम से न्यूनतम के सही क्रम वाले विकल्प को चुनिए :

(a) भारतीय-यूरोपीय, द्रविड़, ऑस्ट्रिक एवं चीनी-तिब्बती

(b) भारतीय-यूरोपीय, ऑस्ट्रिक, द्रविड़ एवं चीनी-तिब्बती

(c) द्रविड़, भारतीय-यूरोपीय, चीनी-तिब्बती एवं ऑस्ट्रिक

(d) द्रविड़, ऑस्ट्रिक, भारतीय-यूरोपीय एवं चीनी-तिब्बती

**12.** दिए गए संसाधनों को पढ़िए और 'सामुदायिक संसाधनों' से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. ग्रामीण जलाशयों

II. ग्रामीण कृषि भूमि

III. ग्रामीण रिहायशी भूमि

IV. चरागाह भूमि

विकल्प :

(a) केवल I व II सही हैं । (b) केवल II व III सही हैं ।

(c) केवल III व IV सही हैं । (d) केवल I व IV सही हैं ।

**13.** पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों एवं उर्वरकों को ग्रहण करने के लिए बनाया गया पत्तन है :

(a) न्यू मंगलुरु (b) हल्दिया

(c) कांडला (d) तूतीकोरिन

**14.** *स्तम्भ I* का मिलान *स्तम्भ II* से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | *स्तम्भ I* *(रेल मंडल)* | | *स्तम्भ II* *(मुख्यालय)* |
|---|---|---|---|
| i. | नॉर्थ सेंट्रल | 1. | सिकंदराबाद |
| ii. | ईस्ट सेंट्रल | 2. | इलाहाबाद/प्रयागराज |
| iii. | वेस्ट सेंट्रल | 3. | हाजीपुर |
| iv. | साउथ सेंट्रल | 4. | जबलपुर |

विकल्प :

(a) i – 1, ii – 2, iii – 3, iv – 4 (b) i – 4, ii – 3, iii – 2, iv – 1

(c) i – 3, ii – 4, iii – 1, iv – 2 (d) i – 2, ii – 3, iii – 4, iv – 1

**11.** Choose the correct option in order of number of people speaking modern Indian languages from maximum to minimum :

(a) Indo-European, Dravidian, Austric and Sino-Tibetan

(b) Indo-European, Austric, Dravidian and Sino-Tibetan

(c) Dravidian, Indo-European, Sino-Tibetan and Austric

(d) Dravidian, Austric, Indo-European and Sino-Tibetan

**12.** Read the given resources and choose the correct option related to 'community's resources' :

I. Village water bodies

II. Village agriculture land

III. Village residential land

IV. Pasture land

Options :

(a) Only I and II are correct. (b) Only II and III are correct.

(c) Only III and IV are correct. (d) Only I and IV are correct.

**13.** The port designed to receive petroleum, petroleum products and fertilizers is :

(a) New Mangaluru (b) Haldia

(c) Kandla (d) Tuticorin

**14.** Match *Column I* with *Column II* and choose the correct option :

| | *Column I* (Railway zone) | | *Column II* (Headquarter) |
|---|---|---|---|
| i. | North Central | 1. | Secunderabad |
| ii. | East Central | 2. | Allahabad/Prayagraj |
| iii. | West Central | 3. | Hajipur |
| iv. | South Central | 4. | Jabalpur |

Options :

(a) i – 1, ii – 2, iii – 3, iv – 4 (b) i – 4, ii – 3, iii – 2, iv – 1

(c) i – 3, ii – 4, iii – 1, iv – 2 (d) i – 2, ii – 3, iii – 4, iv – 1

*निम्नलिखित केस अध्ययन को पढ़िए और प्रश्न संख्या **15** से **17** के उत्तर लिखिए ।*

रमेश अनुबंध के आधार पर तलचर (ओडिशा का कोयला क्षेत्र) में निर्माण स्थल पर पिछले दो वर्षों से एक वेल्डर के रूप में कार्य कर रहा है । वह अपने ठेकेदार के साथ-साथ देश-भर में विभिन्न जगहों, जैसे कि सूरत, मुंबई, गांधीनगर, भरूँच, जामनगर आदि नगरों में जाता है । वह प्रतिवर्ष अपने पैतृक गाँव में पिता के पास ₹ 20,000 भेजता है । उसके द्वारा भेजे गए पैसे मुख्यत: दैनिक उपभोग, स्वास्थ्य की देखभाल, बच्चों की पढ़ाई, आदि पर खर्च होते हैं । कुछ पैसे कृषि, ज़मीन की खरीद तथा घरों के निर्माण, आदि पर भी खर्च होते हैं । रमेश के परिवार के रहन-सहन का स्तर सार्थक रूप से सुधरा है ।

15 वर्ष पहले, हालात ऐसे नहीं थे । परिवार बहुत ही कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा था । उसके तीन भाई और उनके परिवार तीन एकड़ भूमि पर निर्भर थे । परिवार बुरी तरह से कर्ज़ में डूबा हुआ था । रमेश को अपनी पढ़ाई नवीं कक्षा में ही छोड़नी पड़ी । शादी के बाद तो वह और भी कठिन परिस्थितियों में घिर गया ।

इसी समय, रमेश अपने गाँव के कुछ सफल उत्प्रवासियों से प्रभावित हुआ, जो लुधियाना में काम कर रहे थे और गाँव में अपने परिवारों को पैसे और उपभोक्ता वस्तुएँ भेज कर पाल-पोस रहे थे । इस तरह परिवार की कंगाली और लुधियाना में नौकरी का भरोसा पाकर वह अपने मित्र के साथ पंजाब चला आया । उसने 1988 में लुधियाना की एक ऊन फैक्टरी में ₹ 20 प्रतिदिन की मज़दूरी पर 6 माह तक काम किया । अपनी इस अल्प आय में वैयक्तिक खर्चों का इतज़ाम कर पाने की मुश्किल के साथ-साथ, उसे नई संस्कृति और पर्यावरण के साथ स्वयं को अनुकूलित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा । इसके बाद उसने अपने दोस्त के मार्गदर्शन पर लुधियाना से सूरत (गुजरात) में काम करने का निर्णय लिया । सूरत में उसने वेल्डिंग के कार्य करने का कौशल सीखा और इसके बाद वह उसी ठेकेदार के साथ अलग-अलग जगहों पर जाता रहता है । हालाँकि रमेश के गाँव में उसकी परिवार की आर्थिक स्थिति सुधरी है, परंतु उसे अपनों से दूर रहने की पीड़ा झेलनी पड़ती है । वह अपनी पत्नी एवं बच्चों को अपने साथ नहीं ले जा सकता है क्योंकि उसकी नौकरी अस्थायी और स्थानांतरणीय है ।

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा हुंडी का अर्थ है ?

(a) प्रवासियों द्वारा भेजा गया धन

(b) प्रवासियों द्वारा कमाया गया धन

(c) प्रवासियों द्वारा किया गया खर्च

(d) प्रवासियों द्वारा लिया गया ऋण

*Read the case study given below and answer Q. No.* ***15*** *to* ***17****.*

Ramesh has been working in contract as a welder on a construction site in Talcher (coal region of Odisha) for the last two years. He moved with the contractor to various places like Surat, Mumbai, Gandhi Nagar, Bharuch, Jamnagar and so on. He remits ₹ 20,000 per year to his father in his native village. The remittances have been mainly used for daily consumption, healthcare, schooling of children, etc. Part of the money is also used in agriculture, purchasing of land and building of houses, etc. The standard of living of Ramesh's family improved significantly.

Fifteen years ago, the situation was not the same. The family was passing through very tough times. Three of his brothers and their families had to survive on three acres of land. The family was highly in debt. Ramesh had to discontinue his studies after ninth standard. He was further hard pressed when he got married.

Simultaneously, he was also impressed by some successful out-migrants of his village who had been working in Ludhiana and supporting their families in the village by sending money and some consumer goods. Thus, due to abject poverty in the family and perceived job promises at Ludhiana, he made a move to Punjab with his friend. He worked there in a woolen factory for six months at the rate of only ₹ 20 per day in 1988. Apart from the crisis of managing his personal expenditure from this meagre income, he was also facing difficulty in assimilation to the new culture and environment. Then he decided to change his place of work from Ludhiana to Surat under the guidance of his friend. He learnt the skills of welding in Surat and after that he has been moving to different places with the same contractor. Though the economic condition of Ramesh's family at the village improved, he is bearing the pain of separation of his near and dear ones. He cannot shift them with him, as the job is temporary and transferable.

**15.** Which one of the following is the meaning of remittance ?

(a) Money sent by migrants

(b) Money earned by migrants

(c) Money spent by migrants

(d) Loan taken by migrants

**16.** भारत में ग्रामीण-नगरीय प्रवास का प्रमुख कारण है :

(a) शिक्षा

(b) रोजगार

(c) स्वास्थ्य

(d) पर्यटन

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रामीण-नगरीय प्रवास का एक जनांकिकीय परिणाम है ?

(a) गंतव्य स्थल के आधारभूत ढाँचे पर दबाव

(b) उद्गम स्थल पर मज़दूरों का अभाव

(c) आयु एवं लिंग संरचना में असंतुलन

(d) गंतव्य स्थल पर संस्कृति का मिश्रण

## खण्ड ख

*प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं ।*

**18.** दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *3×1=3*

जब आप बीमार पड़ते हैं आप किसी डॉक्टर को बुलाते हैं अथवा आप पारिवारिक डॉक्टर के पास जाते हैं । कभी-कभी आपके माता-पिता उपचार के लिए आपको अस्पताल ले जाते हैं । विद्यालय में आपको अध्यापक पढ़ाते हैं । किसी भी विवाद की स्थिति में कानूनी राय वकील से ली जाती है । इसी प्रकार अनेक व्यवसायी होते हैं जो फीस का भुगतान होने पर अपनी सेवाएँ प्रदान करते हैं । अत: सभी प्रकार की सेवाएँ विशिष्ट कलाएँ होती हैं जो भुगतान के बदले प्राप्त होती हैं । स्वास्थ्य, शिक्षा, विधि, प्रशासन और मनोरंजन इत्यादि को व्यावसायिक कुशलता की आवश्यकता है । इन सेवाओं को अन्य सैद्धांतिक ज्ञान और क्रियात्मक प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है और अभ्यास इन्हें पूर्ण व्यावसायिक बनाता है । तृतीयक क्रियाकलाप सेवा सेक्टर से संबंधित हैं । जनशक्ति सेवा सेक्टर का एक महत्त्वपूर्ण कारक है क्योंकि अधिकांश तृतीयक क्रियाकलापों का निष्पादन कुशल श्रमिक, व्यावसायिक दृष्टि से प्रशिक्षित विशेषज्ञ और परामर्शदाताओं द्वारा होता है ।

आर्थिक विकास की आरंभिक अवस्थाओं में लोगों का एक बड़ा अनुपात प्राथमिक सेक्टर में कार्य करता था । एक विकसित अर्थव्यवस्था में बहुसंख्यक श्रमिक तृतीयक क्रियाकलापों में रोज़गार पाते हैं और अपेक्षाकृत कम संख्या में द्वितीयक सेक्टर में कार्यरत होते हैं ।

(18.1) द्वितीयक एवं तृतीयक क्रियाकलापों में प्रमुख अंतर को स्पष्ट कीजिए । *1*

(18.2) तृतीयक क्रियाकलाप किस प्रकार उत्पादन और विनिमय दोनों से संबंधित हैं ? *1*

(18.3) किन्हीं दो तृतीयक क्रियाकलापों का उल्लेख कीजिए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

**16.** The main cause of rural-urban migration in India is :

(a) Education

(b) Employment

(c) Health

(d) Tourism

**17.** Which one of the following is the demographic consequence of rural-urban migration ?

(a) Pressure on infrastructure at the place of destination

(b) Shortage of labour at the place of origin

(c) Imbalance in age and sex

(d) Intermixing of culture at the place of destination

## SECTION B

*Questions number **18** and **19** are Source-based Questions.*

**18.** Read the given passage carefully and answer the questions that follow : *3×1=3*

When you fall ill you go to your family doctor or you call a doctor. Sometimes your parents take you to a hospital for treatment. While in school, you are taught by your teachers. In the event of any dispute, legal opinion is obtained from a lawyer. Likewise, there are many professionals who provide their services against payment of their fee. Thus, all types of services are special skills provided in exchange of payments. Health, education, law, governance and recreation etc. require professional skills. These services require other theoretical knowledge and practical training. Tertiary activities are related to the service sector. Manpower is an important component of the service sector as most of the tertiary activities are performed by skilled labour, professionally trained experts and consultants.

In the initial stages of economic development, larger proportion of people worked in the primary sector. In a developed economy, the majority of workers get employment in tertiary activity and a moderate proportion is employed in the secondary sector.

(18.1) Explain the main difference between secondary and tertiary activities. *1*

(18.2) How have tertiary activities related both production and exchange ? *1*

(18.3) Mention any two tertiary activities. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

**19.** दी गई तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *3×1=3*

*भारत – नगरीकरण की प्रवृत्तियाँ, 1901 – 2011*

| वर्ष | नगरों/नगरीय संकुलों की संख्या | नगरीय जनसंख्या (हज़ारों में) | कुल जनसंख्या का % | दशकीय वृद्धि (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1901 | 1,827 | 25,851·9 | 10·84 | — |
| 1911 | 1,815 | 25,941·6 | 10·29 | 0·35 |
| 1921 | 1,949 | 28,086·2 | 11·18 | 8·27 |
| 1931 | 2,072 | 33,456·0 | 11·99 | 19·12 |
| 1941 | 2,250 | 44,153·3 | 13·86 | 31·97 |
| 1951 | 2,843 | 62,443·7 | 17·29 | 41·42 |
| 1961 | 2,365 | 78,936·6 | 17·97 | 26·41 |
| 1971 | 2,590 | 1,09,114 | 19·91 | 38·23 |
| 1981 | 3,378 | 1,59,463 | 23·34 | 46·14 |
| 1991 | 4,689 | 2,17,611 | 25·71 | 36·47 |
| 2001 | 5,161 | 2,85,355 | 27·78 | 31·13 |
| 2011 | 6,171 | 3,77,000 | 31·16 | 31·08 |

(19.1) भारत में किस वर्ष में नगरीय जनसंख्या की दशकीय वृद्धि सर्वाधिक थी ? *1*

(19.2) वर्ष 2001 में कुल कितनी नगरीय जनसंख्या थी ? *1*

(19.3) वर्ष 1901 से 2011 के मध्य भारत में नगरों की संख्या में कुल कितनी वृद्धि हुई ? *1*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **19** के स्थान पर हैं ।*

भारत में नगरीय बस्तियों की किन्हीं तीन विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । *3×1=3*

## खण्ड ग

*प्रश्न संख्या **20** से **23** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं ।*

**20.** (क) "मानव प्रकृति के नियमों को बेहतर ढंग से समझने के बाद ही प्रौद्योगिकी का विकास कर पाया ।" मानव के प्रकृतीकरण के संदर्भ में इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) "मानवीय क्रियाओं की छाप सर्वत्र है ।" प्रकृति के मानवीकरण के संदर्भ में इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । *3*

**19.** Study the given table carefully and answer the questions that follow : *3×1=3*

*India – Trends of Urbanisation 1901 – 2011*

| Year | Number of Towns/UAs | Urban Population (in Thousands) | % of Total Population | Decennial Growth (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1901 | 1,827 | 25,851·9 | 10·84 | — |
| 1911 | 1,815 | 25,941·6 | 10·29 | 0·35 |
| 1921 | 1,949 | 28,086·2 | 11·18 | 8·27 |
| 1931 | 2,072 | 33,456·0 | 11·99 | 19·12 |
| 1941 | 2,250 | 44,153·3 | 13·86 | 31·97 |
| 1951 | 2,843 | 62,443·7 | 17·29 | 41·42 |
| 1961 | 2,365 | 78,936·6 | 17·97 | 26·41 |
| 1971 | 2,590 | 1,09,114 | 19·91 | 38·23 |
| 1981 | 3,378 | 1,59,463 | 23·34 | 46·14 |
| 1991 | 4,689 | 2,17,611 | 25·71 | 36·47 |
| 2001 | 5,161 | 2,85,355 | 27·78 | 31·13 |
| 2011 | 6,171 | 3,77,000 | 31·16 | 31·08 |

(19.1) In which year was the decennial growth of urban population the highest in India ? *1*

(19.2) How much was the total urban population in the year 2001 ? *1*

(19.3) How much was the total growth of number of towns between the years 1901 to 2011 in India ? *1*

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Q. No.* ***19****.*

Explain any three characteristics of urban settlements in India. *3×1=3*

## SECTION C

*Questions number* ***20*** *to* ***23*** *are Short Answer Type Questions.*

**20.** (a) "Human beings were able to develop technology after they developed better understanding of natural laws." Evaluate the statement in the context of naturalization of humans. *3*

**OR**

(b) "The imprints of human activities are created everywhere." Evaluate the statement in context of humanization of nature. *3*

**21.** भारत में जनसंख्या वृद्धि की प्रावस्था 'ग' (1951 – 1981) को जनसंख्या विस्फोट की अवधि के रूप में क्यों जाना जाता है ? कोई तीन तर्क देकर स्पष्ट कीजिए । *3*

**22.** भारतीय कृषि के विकास में 'सतत कृषि के लिए राष्ट्रीय मिशन' (NMSA) के उद्देश्यों का वर्णन कीजिए । *3*

**23.** (क) भारत की 'दक्षिण-पश्चिमी पठार प्रदेश' खनिज पेटी की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) भारत की 'उत्तर-पश्चिमी प्रदेश' खनिज पेटी की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *3*

## खण्ड घ

*प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं ।*

**24.** (क) विश्व में उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले पाँच प्रमुख कारकों का विश्लेषण कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) कच्चे माल पर आधारित उद्योगों के वर्गीकरण का विश्लेषण पाँच शीर्षकों के अंतर्गत कीजिए । *5*

**25.** "विश्व में तरल एवं गैसीय पदार्थों के परिवहन के लिए पाइपलाइनों का व्यापक रूप से प्रयोग किया जाता है ।" उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए । *5*

**26.** 'अंतर्राष्ट्रीय व्यापार' को परिभाषित कीजिए । विश्व में 'अंतर्राष्ट्रीय व्यापार' के दो प्रकारों का वर्णन कीजिए । *1+2+2=5*

**27.** "इंदिरा गाँधी नहर कमान क्षेत्र में सतत पोषणीय विकास का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मुख्य रूप से पारिस्थितिकीय सतत पोषणीयता पर बल देना होगा ।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । *5*

**28.** (क) "भारत का सड़क जाल विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सड़क जाल है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) "भारतीय रेल जाल विश्व के सर्वाधिक लंबे रेल जालों में से एक है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । *5*

**21.** Why is Phase III (1951 – 1981) of growth of population referred to as the period of population explosion in India ? Explain by giving any three arguments. *3*

**22.** Describe the objectives of 'National Mission for Sustainable Agriculture (NMSA) in the development of Indian agriculture. *3*

**23.** (a) Mention the main characteristics of the mineral belt of 'South-Western Plateau Region' of India. *3*

**OR**

(b) Mention the main characteristics of mineral belt of 'North-Western Region' of India. *3*

## SECTION D

*Questions number **24** to **28** are Long Answer Type Questions.*

**24.** (a) Analyse five main factors affecting location of industries in the world. *5*

**OR**

(b) Analyse the classification of industries on the basis of raw materials into five heads. *5*

**25.** "Pipelines are used extensively to transport liquids and gases in the world." Support the statement with appropriate arguments. *5*

**26.** Define the term 'international trade'. Describe two types of 'international trade' in the world. *1+2+2=5*

**27.** "Attaining sustainable development in the Indira Gandhi Canal (Nahar) Command Area requires major thrust upon the measures to achieve ecological sustainability." Evaluate the statement. *5*

**28.** (a) "India has one of the second largest road networks in the world." Support the statement. *5*

**OR**

(b) "Indian Railways network is one of the longest in the world." Support the statement. *5*

## खण्ड ङ

*प्रश्न संख्या **29** व **30** मानचित्र आधारित प्रश्न हैं ।*

**29.** **संसार** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 21 पर) में सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F तथा G से दिखाया गया है । किन्हीं ***पाँच*** की पहचान निम्नलिखित जानकारी की सहायता से कीजिए और उनके सही नाम उनके पास खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *5×1=5*

A. अफ्रीका का सबसे बड़ा देश

B. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का क्षेत्र

C. प्रमुख समुद्री पत्तन

D. नौ परिवहन नहर

E. अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

F. ऑस्ट्रेलियाई पारमहाद्वीपीय रेलमार्ग का सबसे पश्चिम का स्टेशन

G. दक्षिण अमेरिका का सबसे बड़ा देश

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं ।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(29.1) अफ्रीका का सबसे बड़ा देश कौन-सा है ?

(29.2) अर्जेंटीना के विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि क्षेत्र का नाम लिखिए ।

(29.3) जापान के एक प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए ।

(29.4) अटलांटिक महासागर को पश्चिम में प्रशांत महासागर से जोड़ने वाली नहर का नाम लिखिए ।

(29.5) न्यूज़ीलैंड के प्रमुख वायु पत्तन का नाम लिखिए ।

(29.6) लाल सागर से भूमध्यसागर को जोड़ने वाली नौ परिवहन नहर का नाम लिखिए ।

(29.7) दक्षिण अमेरिका के सबसे बड़े देश का नाम लिखिए ।

## SECTION E

*Questions number **29** and **30** are Map based Questions.*

**29.** On the given political outline map of the **World** (on page 21), seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any ***five*** with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them : *5×1=5*

A. The largest country in Africa

B. An area of extensive commercial grain farming

C. A major seaport

D. A shipping canal

E. An international airport

F. The westernmost station of the Australian Trans-Continental Railway

G. The largest country in South America

***Note :*** *The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. **29**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(29.1) Which is the largest country in Africa ?

(29.2) Name an area of extensive commercial grain farming in Argentina.

(29.3) Name any one major seaport in Japan.

(29.4) Name the canal that connects the Atlantic Ocean to the Pacific Ocean in the West.

(29.5) Name a major airport of New Zealand.

(29.6) Name the canal that connects Red Sea to Mediterranean Sea.

(29.7) Name the largest country in South America.

**30.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 23 पर) में निम्नलिखित सात भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं ***पाँच*** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *5×1=5*

(30.1) सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

(30.2) 10 मिलियन से अधिक जनसंख्या वाला भारत का सबसे पूर्वी नगर

(30.3) कपास का अग्रणी उत्पादक राज्य

(30.4) उत्तर प्रदेश में स्थित तेल शोधन शाला

(30.5) तमिलनाडु में स्थित कोयले की खानें

(30.6) ओडिशा में स्थित प्रमुख समुद्री पत्तन

(30.7) पंजाब में स्थित अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***30*** *के स्थान पर हैं ।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(30.1) भारत के सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम लिखिए ।

(30.2) कपास के अग्रणी उत्पादक राज्य का नाम लिखिए ।

(30.3) उत्तर प्रदेश में किस स्थान पर तेल शोधन शाला स्थित है ?

(30.4) 10 मिलियन से अधिक जनसंख्या वाले भारत के सबसे पूर्वी नगर का नाम लिखिए ।

(30.5) खेतड़ी ताँबा खानें किस राज्य में स्थित हैं ?

(30.6) तूतीकोरिन समुद्री पत्तन किस राज्य में स्थित है ?

(30.7) पंजाब में अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन किस स्थान पर स्थित है ?

**30.** On the given political outline map of **India** (on page 23), locate and label any ***five*** of the following seven geographical features with appropriate symbols : *5×1=5*

(30.1) The state with highest density of population

(30.2) The easternmost city of India having more than 10 million population

(30.3) The leading cotton producing state

(30.4) Oil Refineries located in Uttar Pradesh

(30.5) Coal mines located in Tamil Nadu

(30.6) Major seaport located in Odisha

(30.7) International Airport located in Punjab

***Note :*** *The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. **30**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(30.1) Name the state of India with highest density of population.

(30.2) Name the leading cotton producing state.

(30.3) In which place of Uttar Pradesh are oil refineries located ?

(30.4) Name the easternmost city of India having more than 10 million population.

(30.5) In what state are the Khetri copper mines located ?

(30.6) In which state is Tuticorin seaport located ?


(30.7) In which place is the international airport of Punjab located ?

प्रश्न सं. 29 के लिए

For question no. 29

संसार–राजनीतिक

WORLD-POLITICAL



प्रश्न सं. 30 के लिए

**For question no. 30**

